पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-06 | शुक्रवार, दिनांक- 04 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक

[1] अन्य चर्चा :-

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा कल दिनांक 03.07.2014 को नियम-94 के अन्तर्गत हुए वाद-विवाद के दौरान सदन में कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया था, का मामला उठाया गया ।

इस विषय पर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री नन्द किशोर यादव, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं श्री सदानन्द सिंह ने अपने विचार से सदन को अवगत कराया ।

आसन से कहा गया कि जो भी बातें हुई है वह दुःखद है । उन्होंने माननीय सदस्यों से कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो इसका अवश्य ध्यान रखें । आसन से यह भी कहा गया कि इस विषय में वे दलीय नेताओं की एक बैठक भी बुलाएंगे ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(v) 55 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iii) श्री राजेश्वर राज
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री ललन राम
(vi) डा० दाउद अली
(vii) डा० इजहार अहमद
(viii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

स्वास्थ्य विभाग :-

मा० प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा स्वास्थ्य विभाग की मांग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री चन्द्रमोहन राय

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री राजेश सिंह
(iii) श्री अब्दुल गफूर
(iv) श्री मो० आफाक आलम
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री कुमार देव रंजन सिंह
(vii) श्री ललन राम
(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ix) श्री तारकिशोर प्रसाद
(x) श्रीमती मनोरमा प्रसाद
(xi) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(xii) श्री रत्नेश सादा
(xiii) श्री कन्हैया कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xiv) श्रीमती नीता चौधरी

माननीय प्रभारी मंत्री स्वास्थ्य विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

(उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए)

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 07 जुलाई, 2014 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।